MOTION OF THANK OF PRESIDENT'S ADDRESS—Contd.

श्री धर्म पाल : मैडम डिप्टी चेयरपरसन, मैं जिक्र कर रहा था कि आजादी के बाद देश ने 41 साल मे जो उपलब्धिया की हैं, चाहे वह एग्रीकल्चर हो, इंडस्ट्री हो, चाहे डिफेंस प्रोडक्शन की बात हो, साइंस और टैक्नॉलाजी की हो, चाहे विदेश नीति के जरिय भारत का मुकाम दुनिया में बढ़ाने की बात हो, इस देश ने काफी तरक्की की है और उसी प्लांड डेवलपमेंट का नतीजा है कि अब हमारी इकॉनॉमिक स्थिति इतनी मजबूत है कि पूरी पिछली शताब्दी में जितना भयंकर सूखा नहीं पड़ा, वह पड़ा और हमारे प्रधान मंत्री जी ने, जिन प्रदेशों में भी सूखा पड़ा, खुद जाकर मौके पर जायजा लिया और कैबिनेट की एक सब-कमेटी बनाई ताकि जो सूखा-पीड़ित है उनको राहत दी जा सक । मुझ याद है कि राजस्थान और गुजरात दो प्रदेश थे जहां सबसे बड़ा सूखा था । 800 से भी ज्यादा करोड़ रुपये राहत के लिये दिये गये । एसेट्स बने और लोगों को रोजगार मिला और हमारे किसान जो हैं उनकी हालत भी सुधरी । सूखे के बावजूद हमारा जो ग्रोथ रट था वह 3.6 प्रतिशत रहा और पिछले चार वर्षों में 5 प्रतिशत से ज्यादा और आने वाली योजना में लक्ष्य 6 प्रतिशत से भी ज्यादा रखा है ।

जवाहर लाल जी ने जहां जम्हूरियत को मजबूत किया वहां इंदिरा जी ने इस देश में समाजवाद को मजबूत करने के लिये कदम उठाए । हमें याद है कि बैंक नेशनलाइजशन के जरिये यहां के करोड़ो गरीब आवाम, चाहे वह कोई टेक्सी वाला हो, रेहड़ी वाला हो या कोई और जिसको कर्जा लेना हो, पहले चन्द लोग कर्जा ले सकते थे, बैंक से उनकी इकानॉमिक पोजीशन सुधरी और 20 नुकाती प्रोग्राम के जरिये पिछड़ी जातियों पर, पिछड़े इलाकों क विकास पर ध्यान दिया गया , वहां हमारे युवा प्रधान मंत्री ने एक नई दिशा दी और इकोनॉमिक ग्रोथ विद सोशल जस्टिस के लिय सातवी योजना दश के सामने रखी और उसको मजबूती मे आगे बढ़ा रहे है । हम दखते है कि आई० आर०डी०पी०, आर०एल०ई०जी०पी०, एन० आर०ई०पी० के जरिये से हमन इस देश में दो करोड़ से भी ज्यादा कुनबों को गरीबी की रखा से ऊपर उठाया । बैंकों के साधनो से उनको कर्जे दिये गये । इतने भयंकर सूख के बावजूद भी प्रोडक्शन बढ़ा, चाह कपास हो, चाहे आयलसीड्स हो या सीरियल्स की बात हो, हमारी पैदावार बढ़ा है और पिछले दो सालो में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा निर्यात हमारा विदशों को हुआ है ।

महोदया, इस देश में सत्ता संभालते हुये प्रधान मंत्री न कहा कि भारत के आईन के अंदर रहत हुये बातचीत से हम सभी मसलों को हल करगे, कंफ्रंटशन से नहीं । इसी के अनुसार 1985 में असम का समझौता हुआ । 1986 में मिजोरम का समझौता हुआ और पिछले साल दार्जिलिंग का समझौता हुआ और पूर ईस्टर्न इंडिया के लोगों को मेन धारा में लाए और आज मुख्य धारा में मिलकर वे लोग दश के डेवलपमट के लिये पूरा हिस्सा अपना अदा कर रह है ।

महोदया, प्रधान मंत्री जी ने युवा वर्ग की तरफ तवज्जह दी और उसी का नतीजा है कि हमारी पापुलेशन में हर वर्ष युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है । इसी वजह से मुल्क के डवलपमेंट में युवाओं को पूरा रोल देने के लिये हमने वोटिंग एज 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष कर दी । इसी तरह स महिला वग जो कि कमजोर वर्ग है समाज का, उसके लिय भी नेशनल पर्सपेक्टिव प्लान बनाया और ऐसी योजनायें बनाई है जिनसे 50 प्रतिशत हमारी आबादी का जो हिस्सा है वह योजनाओं में हिस्सा ले सके ।

इसी क साथ-साथ हमने पंचायती राज को मजबूत करने के लिये हमने न केवल कांग्रेस पार्टी मे बल्कि सारी पार्टियों को बुलाकर उनसे बातचीत की और उनका मशविरा लिया । सब चीफ मिनिस्टर साहबान को वे बुला रहे है और शायद वह बिल इसी सशन में आ जाए । इसकी योजनायें दिल्ली में ही नही स्टटो की राजधानियो में ही नही बल्कि डिस्ट्रिक्ट और ब्लॉक लेवल पर जायगी ताकि उनकी इच्छाओं के अनुसार हम प्लान बनायें और गांवों के लोग, जिलों के लोग और उनके नुमांइदें देश की तरक्की में भाग ले सकें ।

[श्री धर्म पाल]

सके अलावा विदेश नीति में भारत का मकाम दुनिया में बहुत बढ़ा है। चाहे कंपूचिया के समझौते की बात हो चाहे अफ़गानिस्तान में रूसी फौजों की वापसी का मामला हो, उनमें हमारे प्रधान मंत्री ने जो रोल अदा किया वह सारी दुनियां को मालूम है। इसी तरह से चाइना में उन्होंने बातचीत की। 1954 के बाद व पहले प्रधान मंत्री हैं जो वहां गए और उनसे अपनी टेक्नालाजी में, साइंस में और कारोबार के बारे में समझौता किया। बार्डर के मामलों पर संयुक्त दल बने जो विचार करके बार्डर का जो हमारा डिस्प्यूट है उसको हल करेंगे क्योंकि हमारी आबादी दुनिया का एक तिहाई है। भारत और चाइना ये दोनों जाइंट्स अगर मिल जाएं और हमारे 8 डिवीजन की फौज जो बार्डर पर लगी हैं वह वापस हो सके तो जो हमारा खर्चा वहां पर हो रहा है वह पैसा बेरोजगारी को दूर करने में या डेवलपमेंट के कामों में लग सकेगा।

महोदया, पाकिस्तान के इस्लामाबाद में उनकी जो बातचीत बेनजीर भुट्टो के साथ खुलकर हुई उससे हमारा आपसी विश्वास बढ़ा है। इससे लोगों का आदान-प्रदान होगा और हमारे संबंध बढ़ेंगे पाकिस्तान के प्रधान मंत्री की जो दिक्कतें हैं वह हम समझते हैं। पूरा कंट्रोल उनका वहां पर अभी नहीं है। एक तरफ फौज है, दूसरी तरफ लोग हैं। कुछ बातों में हमें समझौता करना पड़ता है। हम समझते हैं कि पंजाब में जो ट्रेनिंग हो रही है, हमारे काश्मीर के नौजवानों को जो ट्रेनिंग दी जा रही है और फिर वापस उनको काश्मीर में भेजा जा रहा है, वह बंद होगा। दिक्कतें हैं प्राइम मिनिस्टर बेनजीर भुट्टो की। हम समझते हैं, सोचते हैं और यह विश्वास है कि दो हुकूमतों के दरमियान, दो लीडरों के दरमियान जो बात हुई है उससे हालात सुधारेंगे। मेरी रियासत जम्मू-काश्मीर है, पिछड़ी हुई रियासत है, पहाड़ी रियासत है। यह तीन जंगों का शिकार हुयी है। जब हम तरक्की करते हैं तो उसकी इकोनोमी शैटर हो जाती है हमलों की वजह से। एक बात की मुझे खुशी है कि हमारा एनुअल प्लान 520 करोड़ का है। इसके लिये मरकजी सरकार का शुक्रियादा करता हूं। प्राइम मिनिस्टर का पैकेज प्रोग्राम वहां है। यह कहा जाता है कि उसी प्लान से पूरा करें। मेरा जोरदार तरीके से यह कहना है कि ओवर एंड अबाव जो एलोकेशन हो जम्मू-कश्मीर स्टेट को वह 520 करोड़ से अलावा होना चाहिये ताकि हम तरक्की की दौड़ में आगे बढ़ सकें।

एक और मसला जो हमारे लोगों को चिंतित करता है, हमारी सरकार को, चुने हुये नुमाइंदों को वह यह है कि हमारे साथ ही हिमाचल प्रदेश हैं। वहां 90 परसट ग्रांट मिलती हैं और 10 परसेंट लोन है जबकि जम्मू-काश्मीर में 70 फीसदी लोन है और 30 परसेंट ग्रांट है। हमें कहा जाता है कि कोई फर्क नहीं पड़ता यह तो फिगर वर्क है। लेकिन 1900 करोड़ के करीब जम्मू-कश्मीर का कर्जा है और हमें 250 करोड़ से ऊपर का इंटरेस्ट देना पड़ता है। इसका हमारे प्लान पर असर पड़ता है। प्लान गैप इस साल 100 करोड़ से ज्यादा है। स्टेट के बजट का घाटा 103.84 करोड़ है। हमारी अपनी आमदनी 262 करोड़ है। मुलाजिमों की तनख्वाह 350 करोड़ है। इस स्थिति में यहां इन्टरनेशनल कंसपिरेसीज होती है, यह जंगों का शिकार होता है, आने-जाने के साधन वहां नहीं हैं, रल सिर्फ जम्मू तक ही है, ट्रांसपोर्टेशन का खास इंतजाम नहीं है, वहां पैदावार फ़ूट की होती है लेकिन हम ला नहीं सकते क्योंकि रास्ते में पैरिश हो जाती है। मेरी जोरदार आवाज होगी कि जम्मू-कश्मीर को और साधन दीजिये। कम से कम प्राइम मिनिस्टर के स्पशल प्लान में से ओवर एंड अबाव फंड एलाट किया जाए।

एक बात और इस स्टेट के मुतल्लिक कहना चाहूंगा। स्थिति बड़ी गम्भीर है। मट्टू साहब यहां बैठे है। सवाल यह है कि वहां तो एक्ट्रीमिस्टस आऊटफिट थे। तो जम्मू कश्मीर लिबरेशन एक और दूसरा पीपल लीग। हमारे नौजवान बेकारी की वजह से क्योंकि साधन नहीं है, परशान है। मुझे शिकायत है कि सन्ट्रल सर्विसेज में चाहे सी०आर०पी० हो, बी०एस०एफ० हो, टेलीकम्यूनीकेशन की बात है, रेलवे

की बात हो और चाहे वहां सेंट्रल प्रोजेक्टस लगाने की बात हो इसके लिये मिनिमम इन्वेस्टमेंट जम्म-कश्मीर स्टेट में सिर्फ 0.3 परसेंट है टोटल इन्वस्टमेंट इन द कंटरी । मेरा कहना यह है कि यहां इस किस्म की बातें हो रही हैं। यहां सक्सैसनिस्ट फार्सेज है, एन्टी नेशनल फार्सेज है, मामूली बात पर भड़काया जाता है । वहां हालात पैदा की जा रही है कि कम्युनल हैटरेड हो। जो कश्मीर की रिवायत रही है, हिन्दू, मुस्लिम और सिखों के एक रहने की। उसमें कोशिश यह हो रही है कोई वहां एक न हो । जो लोग वहां बैठे हुए हैं वे बिजली की कमी का बहाना बनाकर एक प्रोग्राम बना लेते हैं।

जिया टाईगर्स और अल जंग एक्सट्रीमिस्ट आऊट फिट वहां बना है और अलजंग है । इन्होंने 22 फरवरी को पोस्टरवार शुरू कर दिया । ट्रेडर्स को धमकाना शुरू कर दिया कि आप हड़ताल करेंगे । रिपब्लिक डे पर प्रोटेस्ट डे मनायेंगे । यह पहली बार जम्मू-कश्मीर में हुआ । मकबूल बट्ट साहब जो बैंक मैनेजर के कत्ल के इल्जाम में पहले लन्दन रहते हैं और फिर पाकिस्तान चले गये जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के थे, उनको आज से 5 साल पहले 11 फरवरी को फांसी हुई थी। पहली बार पांचवें साल 11 फरवरी के पहले हालात बिगड़ गये । हड़ताल हुई, वायलेंस हुई । कोई न कोई बहाना ढूंढा जाता था । चाहे अनाज अच्छा न मिले, बिजली की कमी हो । मैं इस सन्दर्भ में कहूंगा कि वहां स्पेशल हालात है । कुछ लोग वहां बैठे हुए हैं जो अमन को दरहम-बरहम करना चाहते हैं । जो चाहते है वहां रिवायत जो रही है अमन की, भाई चारे की उनको तोड़ा जाये । महात्मा गांधी जी ने भी कहा था कि कश्मीर में मुझे रोशनी की किरणें नजर आती हैं भाई चारे की । आज वहां फोर्सेस का माहोल है । पाकिस्तान से सैंकड़ों पढ़े-लिखे नौजवान ट्रेनिंग लेकर आ गये हैं । 80 के करीब पकड़े गये हैं । काफी असला पकड़ा गया है। चिदम्बरम साहब काफी असला अभी भी कश्मीर में है। एक तो इंटेलिजेन्स नेटवर्क को सतर्क किया जाय । काश्मीर सरकार के पास भी अपने साधन हैं उनकी अपनी इंटेलिजेन्स है, लेकिन सेन्ट्रल एजेंसीज जितनी हैं उनको स्ट्रेन्थन किया जाये, मजबूत किया जाये। वहां की हालात को नजर में रखा जाय। वहां पर हालात खतरनाक हैं । आपकी यह जिम्मेदारी बनती है कि आप स्टेट सरकार को हालात से बाखबर रखें ऐसी कोशिश हो रही है कि जो नवजवान वहां पर आ गये हैं वे और असला लायें इसलिए बार्डर पर निगरानी रखने की जरूरत है । इस वक्त वहां पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस, दोनों पार्टीज की सरकार है । वहां पर मिलकर सेकूलर फोर्सेस को मजबूत करने की जरूरत है मजबूती खाली बातों से नहीं आएगी । वहां की प्रोबल्म पढ़े-लिखे लोगों की, खासकर मुस्लिम नवजवानों की है जिनको उकसाया जाता है कि आपको सेन्ट्रल सर्विसेज में कुछ नहीं दिया जाता है । आप वहां पर फैक्ट्रीज खोलिये, इंडस्ट्रीज खोलिये लोगों को सेन्ट्रल सर्विसेज में भी लिया जा सकता है। उसके आप स्पेशल रेक्रूटमेंट कर सकते हैं, जम्मू-काश्मीर के नवजवानों सी० आर० पी० एफ० में दूसरी फोर्सेज में रखा जा सकता है । आप लोगों को साधन दीजिये जिससे उनकी बेरोजगारी दूर हो । बेरोजगारी सिर्फ जम्मू-काश्मीर में ही नहीं, मैं मानता हूं कि पूरे देश में है, लेकिन इस समस्या का पूरे पहचान पर दूर करने की जरूरत है । हमारे प्रधान मंत्री जी बेकारी पर प्रहार कर रहे हैं और वे बेरोजगारी और अनइम्प्लायमेंट दूर करने और गरीबी दूर करने पर जोर दे रहे हैं । हम अपना आठवां मंसूबा बनाने जा रहे है। मैं चाहता हूं कि इस योजना में हम बेकारी का खात्मा कर दें और पिछड़े इलाकों और पिछड़ी जातियों को ऊपर उठायें, उनको आगे बढ़ायें । इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहूंगा कि जम्मू-काश्मीर में लोगों को भड़काया जाता है कि तुमको सेन्ट्रल सर्विसेज में भर्ती नहीं किया जाता है, आई० ए० एस० और आई० पी० एस०

[श्री धर्म पाल]

में नहीं लिया जाता है । वहां पर सेन्ट्रल प्रोजेक्टस कम हैं । वहां पावर प्रोजेक्ट हैं, लेकिन फिर भी लोगों को बिजली नहीं मिलती है । वहां पर सरकार ने थोड़ा टेरिफ बढ़ाया तो लोगों को भड़काया जाने लगा कि बिजली तो देते नहीं है, और टेरिफ बढा देते हैं वहां जो प्रो-पाक एलीमेंट है एन्टी नेशनल एलीमेंट है, सोसनिस्ट एलीमेंट है वह इसका फायदा उठाते हैं इसलिए आप ऊरी की जो प्रोजेक्ट है। उसको फन्ड दीजिए और उसको पूरा कीजिए । दुलहती की बात भी की जाती है । वह तीन-चार साल से पहले पूरी नहीं हो सकती है । पहले किसी फ्रेंच फर्म से नेगोसिएशन चल रही थी, लेकिन अब कहा जा रहा है कि किसी एस्ट्री-जर्मन फर्म की आफर आ रही है । लाइन बिछाने के लिए रशिया से एग्रीमेंट किया गया है । उनको भी पूरा होने में चार साल लग जायेंगे । ऊरी की प्रोजेक्ट बहुत अहम है और उसी तरह से बगलियार का भी सवाल है । सलाल का सेकेण्ड फेज है उसके लिए भी पैसा चाहिए । जब हम रेल बिछाने की बात करते हैं तो रेलवे बजट पर अगर पार्टी ने हमें बोलने का मौका दिया तो हम जरूर अपनी बात कहेंगे । यह ठीक है कि मध्य प्रदेश में रेलें बिछाई जा रही हैं और प्राय: सभी रेल मध्य प्रदेश से होकर गुजरती हैं, इसलिए वहां पर सड़कें बननी चाहिए, रेलें बननी चाहिए, डबल ट्रेक बनने चाहिए । लेकिन हम भी यहां पर अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं । मिनिस्टर पूरी कंट्री के लिए होते हैं, किसी एक रियासत के नहीं होते हैं । पूरे देश को उनको देखना चाहिए । यह ठीक है कि आपने सुपर फास्ट ट्रेनें वहां हफ्ते में चार दिन तक बढ़ा दी हैं और एक, जो अहमदाबाद से दिल्ली तक चलती थी, उसको जम्मू तक बढ़ा दिया है, लेकिन सिर्फ 12 करोड़ रुपये दिये गये हैं। उधमपुर वाली लाइन को भी पूरा करना है । अगर आप वैली तक रेल ले जाते तो अच्छा होता क्योंकि प्रचार यह किया जाता है, कि जम्मू तक तो रेल आती है, लेकिन वैली में नहीं लाई जाती है । अगर वैली तक रेल पहुंचाई जाय तो उसकी पोलिटिकल सिगनीफिकेन्स भी है । प्रधानमंत्री जी ने उधमपुर की लाइन को पूरा करने की बात कही थी । लेकिन सात करोड़ से 12 करोड़ कर देने से सिर्फ तीन किलोमीटर लाइन बनेगी । इसलिए अगर में अनइम्प्लायमेंट को दूर करना है, सेकुलर और डेमोक्रेटिक फोर्सेज को मजबूत करना है तो हमें जम्मू-काश्मीर को साधन भी देने होंगे और तभी वहां का विकास हो सकता है और जो नेगेटिव पोलिटिक्स है उसको जवाब दिया जा सकता है । वे तेजी से काफी सतर्क हो गये हैं और वे नौजवानों को गुमराह कह रहे है, उनको ट्रेनिंग दे रहे और वहां पर एक्सप्लोसिव सिचूयेशन हो रही । इस तरफ देखना है और इसका ईलाज करना है ताकि यह न हो । दूसरी तरफ, वहां पर जो सरकार है उसको भी मजबूत करना है। उसको अधिक सहायता दी जाय ताकि वहां के मसायल, चाहे बेकारी और वीकर सेक्शन के मसायल हों चाहे शैड्यूल्ड ट्राइब्स और शैड्यूल्ड कास्ट के मसायल हों उनको हल किया जा सके । (समय की घंटी) मुझे खुशी है कि हमारी सरकार के हेड राजीव गांधी है । उन्होंने देश से गरीबी दूर करने और बेरोजगारी खत्म कर के लिये हिम्मत से कदम उठाये है । उन्होंने नौजवानों को डेवलपमेंट प्रोसेज में इन्वाल्व किया है । इलेक्शन कानूनों में परिवर्तन करके गरीब लोगों को वोट देने की सुविधा दी है, बूथ पर कब्जा करना उन्होंने एक आफस बनाया है । रिलीजन को पालिटिक्स से अलग करने के लिये इन इंस्ट्रीट्यूशंस का मिसयूज न हो, इसका भी उन्होंने कानून बनाया है । इस तरह के और भी कदम उठाये जाने चाहिये ।

महोदया, प्राइस राइज से गरीब आदमी को बड़ी मुश्किलें पेश आ रही हैं । कीमतें बढ़ रही हैं । इसके लिये जो हमारा पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम है उसको मजबूत करने की जरूरत है । दूर-दराज, पहाड़ी और पिछड़ इलाकों में

[डा० रत्नाकर पांडेय]

और 2-3 दिन के भीतर आई० आई० सस्ते दामों पर ये चीजों लोगों को मिलनी चाहिए यह भी एक अहम मसला है जिसकी तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

मै एक बात और कहना चाहता हूं। हम आगे बढ़ना चाहते हैं और चाहते है कि देश के आईन के अन्तर्गत चाहे वह पंजाब का मसलाह हो या और मसले हों उनका हल होना चाहिये। प्राइम मिनिस्टर साहब ने कुछ कहा था और कहा यह था कि एक लीडर हैं अपोजीशन के जो उनकी मदद करते हैं। इसमें क्या
१ है। मैं कहता हूं कि हां, है। हमारे हाउस के मेम्बर हैं वे मौजूद नहीं हैं, श्री जेठमल नी जनता पार्टी के हैं जो खालिस्तान की हिमायत करते हैं। हमारे चौधरी देवीलाल हैं, चीफ मिनिस्टर हरियाणा, के वे जाते हैं कोयम्बतूर की जेल में और प्रकाश सिंह बादल से मिलते हैं, प्लान बनाते हैं, तलवंडी जी को भी उन्होंने बुलाया है। वे कह क्या रहे हैं? चौधरी साहब कह रहे हैं कि इलेक्शन से पहले समझौता मत करो। अभी पंजाब का मसला हल नहीं होना चाहिए। वी० पी० सिंह करेगा। कौन करेगा? वी० पी० सिंह को हम भी जानते हैं। जो बजट उन्होंने पेश किये वे एन्टी पीपुल बजट पेश किये। जो बजट आज आ रहा है इसमें लोगों को राहत मिलेगी और वही वी० पी० सिंह आज कह रहे हैं कि सरकार का एकानामिक पालिसी ठीक नही है। वे यहां रहे और सरकार से निकलने के बाद भी वे यह कहते रहे कि मैं हमेशा कांग्रेस का झंडा लेकर चलना रहूंगा-तो वे आयेंगे हल करने के लिये पंजाब के मसले को। मुझे दुख इस बात का है --चुनी हुई सरकार डी०एम० के० की है। लोगों ने जो फैसला दिया है उसका हम स्वागत करते हैं। लेकिन वह भी अपनी पावर का मिसयूज कर रहे हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट को पूछे बगैर उन्होंने चौधरी देवी लाल की मुलाकात बादल जी से कराई, बरनाला जी से कराई और तलवंडी को भी बुलाया है कि अकाली दल नेशनल फ्रंट के साथ मिल जाय। यह उनकी पालिटिक्स है। वे पावर हंग्री हैं। वे पंजाब का मसला हल होना देना नहीं चाहते। वे करपशन की बात करते है। चिमन भाई को उन्होंने गुजरात जनता दल का हैड बनाया है। वे पहले वहां पर चीफ मिनिस्टर थे। लेकिन जब उन पर करपशन के चार्जेज लगे तो इंदिरा गांधी ने उनको हटा दिया। बीजू पटनायक हमारे साथी थे, उनके करपशन के बारे में सब जानते हैं वे उडीसा जनता दल के हैड बने हैं। हमारी रियासत में भी कुछ लोग लीडर बने है दुनिया उनके बारे में जानती है। हरियाणा में क्या हालत हैं? आन्ध्र प्रदेश में जो बने हैं उन पर कितने इल्जाम हैं। इसीलिए जब प्राइम मिनिस्टर साहब करपशन को दूर करना चाहते हैं तो वे उनका विरोध करते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस का कोई बदल नहीं है। कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है, कोई ऐसी जमात नहीं है जो कांग्रेस की जगह ले सके, जो लोगों को इकठ्ठा रख सके। देश की एकता और अखंडता को बरकरार रख सके, देश के डेवलपमेंट को आगे बढा सके, वीकर सैक्शन, शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्स, पिछडी जातियों, पिछडे लोगों के साथ जो भेदभाव है, जो असमानता है, जो डिसक्रिमिनेशन है उसको खत्म कर सके। मैं समझता हूं कि कांग्रेस के सिवाय इसका कोई हल नहीं है। ये लोग ख्वाबों की दुनिया में बैठे हैं और नो के करीब तो इनके प्राइम मिनिस्टर बन चुके है जब जनता सरकार शासन में आई तो जो डैवलपमेंट का हमारा प्रोसेस था उसको बहुत धक्का लगा। 28 महीने में जनता सरकार ने रोलिंग प्लान बनाया कि हर साल रोल होगा। उन्होंने पंचवर्षीय योजनाओं को पीछे छोड दिया, डैवलपमेंट पीछे हो गया और हमारी इंटरनेशनल प्रेस्टिज में कमी आ गई। हम इन लोगों को जानते हैं और जानते हैं कि ये सत्ता के भूखे लोग हैं, पावर हैग्री हैं। इनकी न कोई पालिसी है और न कोई विदेश नीति है। और राजनीति यह है कि हमें सत्ता मिले, यह कभी नहीं होगा। यह जाने पहचाने चेहरे हैं नया कोई नहीं है। **(समय की घंटी)** जो मुझे इस एड्रेस पर

जो सुकुल जी ने शुक्रिया की तहरीफ रखी है उसका मैं समर्थन करता हूं और फिर यह दोहराना चाहता हूं कि कांग्रेस के बगैर और हमारा लीडर राजीव गांधी जिसकी प्रेस्टिज सारी दुनिया में है इस देश की तो बात नहीं जो इस देश को आगे ले जा रहा है मुझे उम्मीद है कि आने वाले चुनाव में पूरी ताकत से फिर हमारी पार्टी, हमारे नेता उभर कर सामने आयेंगे और इस देश की प्रेस्टिज को और बढाने का काम करेंगे । शुक्रिया ।

डा० रत्नाकर पांडेय (उत्तर प्रदेश) : माननीया उपसभापति महोदया, आपका आदेश हो तो मैं आगे आ जाऊं ।

उपसभापति : आपकी आवाज तो इस सदन के बाहर भी बहुत दूर तक जाती है । (**व्यवधान**)

डा० रत्नाकर पांडेय : यह सब आपके आशीर्वाद का प्रतिफल है । (**व्यवधान**) माननीया उपसभापति महोदया, मैं कृतज्ञ हूं आपका । संसद के समक्ष 21 फरवरी, को भारत के राष्ट्रपति महामहिम वेंकटरमन जी ने जो अभिभाषण दिया है और हमारे सदन के माननीय सदस्य पंडित पशुपति नाथ सुकुल जी ने 23 फरवरी, को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्य सभा के सदस्यों को कृतज्ञता ज्ञापन करने के लिए जो प्रस्ताव रखा है उसके संदर्भ में अपने समर्थनमय विचार प्रस्तुत करना चाहता हूं । राष्ट्रपति जी ने स्पष्ट कहा है कि इस वर्ष जवाहरलाल नेहरू का शताब्दी वर्ष है और स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत के निर्माण के प्रारम्भिक वर्षों में उनकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है । यह देश हजारों वर्षों तक गुलाम रहा और गुलामी से बढकर के कोई पीड़ा नहीं होती है और दरिद्रता से बढ़ कर कोई दुख नहीं होता है । 'पराधीन सपनेहु सुख नाहि,' स्वप्न में भी सुख नहीं रहता है दास को । भारत को जिन नौनिहालों ने स्वतंत्र किया उन में गांधी जी के नेतृत्व में जवाहरलाल नेहरू सारथी के रूप में जिस रूप में उन्होंने भारत की स्वतन्त्रता का बिगल बजाया और मोतीलाल नेहरू जैसे व्यक्तित्व से जो उनके पिता भी थे 'सुराज' होगा कि 'स्वराज' होगा सन् 1923 ईस्वी की कांग्रेस अधिवेशन में मतभेद किया और सारे देश ने स्वराज्य, सुराज नहीं, मोती लाल जी सुराज चाहते थे और जवाहर लाल नेहरू ने स्वराज्य किया और वह स्वराज्य स्थापित हुआ और उस स्वराज्य के प्रथम प्रधान मंत्री के रूप में उन्होंने भारत के निर्माण के लिए जो औद्योगिक तीर्थस्थल स्थापित किया जहां सुई और बटन तक विदेशों से आते थे, हमारा सारा कच्चा माल उत्पादित हो कर के विदेशों में चला जाता था और वहां से स्वरूप लेकर हमारे देश में आयात होता था उस सच को उन्होंने बन्द करने की कोशिश की और बडे बडे औद्योगिक तीर्थस्थल बनाए गए है । उन्हीं के मार्ग पर लाल बहादुर शास्त्री जी चले लेकिन विधाता को मंजूर नहीं था और वे कालकवलित हुए । उनका "जय जवान जय किसान" का नारा इस देश के इतिहास में लिखा जाएगा । उनके बाद इन्दिरा जी आईं । इन्दिरा जी, मैं इस सदन में फिर कहना चाहता हूं कि अवतारी शक्ति थीं और ऐसी अवतारी शक्ति थीं जिसने इस देश के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी कर दी । इन्दिरा जी ने नेहरू जी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चल कर और दुनियां की, देश की, गरीबों की जो समस्याएं हैं उन पर ध्यान रख कर जो कुछ किया वह इतिहास तो बताता ही है । उन्होंने भूगोल तक को मिटा दिया।

और नये देश बंगलादेश का निर्माण
3 P.M. कराया । बैंकों का राष्ट्रीयकरण कराया ताकि कुछ मुट्ठीभर पूंजीपतियों तक बैंक सीमित न रहे । बैंकों की धनराशि गरीब जनता तक पहुंचे और भारत के उत्थान तथा गरीबी रेखा से नीचे जिंदा रहने वालों के लिए उपलब्ध हो सके ।

राजीव गांधी जी ने कभी इच्छा प्रकट नहीं की कि हमें इस देश का प्रधान मंत्री बनाओ । लेकिन जब इंदिरा गांधी का शव पड़ा हुआ था, जो खालिस्तान की मांग करने वाले लोगों के दुष्चक्र का परिणाम था और सारा देश किंकर्तव्यविमूढ था तो उस समय सारे देश की कोटि कोटि जनता ने राजीव गांधीजी को प्रधान मंत्री बनाया

[डा० रत्नाकर पांडेय]

और प्रधान मंत्री बनते ही इस नौजवान ने जो कुछ किया मैं इस सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि उतना गतिशील ढंग से, उतनी तेजी के साथ विभिन्न दायरों को लेते हुए चाहे गरीबों के उत्थान का काम हो, चाहे बेरोजगारी मिटाने का काम हो, चाहे हरिजनों, गिरिजनों और आदिवासियों के उत्थान का काम हो चाहे राजनीति में छोटी उम्र से मतदान देने का काम हो चाहे पंचायती राज के सपने को जनजीवन में सही ढंग से उतारने का काम हो, चाहे विश्व की अंतर्राष्ट्रीय राजनीति हो, सब क्षेत्रों में जितना गतिशील ढंग से आगे कदम बढ़ाया तथा देश को और सारी विश्व मानवता को प्रभावित किया उतना न नेहरु जी प्रभावित कर सके, न इंदिराजी कर सकी थी । यह शक्ति हमारे प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व की है यह मैं रिकार्ड कराना चाहता हूं इस सदन के पटल पर ।

माननीय उपसभापति जी, आज आप अपने निर्धारित समय पर आयीं । प्रातः-काल जो दृश्य यहां देखा गया उसमें मैं अपने आपोजिशन के मित्रों की ओर इशारा करना चाहता हूं, वे है नहीं, उन्होंने कहा कि कनेक्शन आवर को सस्पैंड करके, प्रधान मंत्रीजी ने खालिस्तानी और राष्ट्रीय विरोधी दल के लोगों को कहा है, इस पर चर्चा करनी चाहिए और एक घंटे तक सदन का माहौल विरोधी दल के लोगों ने ऐसा बना रखा था जैसे सट्टा बाजार हो, मछली बाजार हो । इस तरह की हालत इस सर्वोच्च सदन की बना रखी थी । वास्तव में हमारे आपोजीशन के पास न कोई प्रोग्राम है, न कोई पालिसी है, न कोई दृष्टिकोण है, न कोई आर्थिक नीति है और न कोई विदेश नीति है, बल्कि ये तो ऐसे लोगों को लेकर चलना चाहते हैं--खालिस्तानी लोग इस सदन में बैठे है, खालिस्तान की मांग करने वाले कि खालिस्तान को स्वतंत्र किया जाये--हमारे माननीय सदस्य श्री राम जेठमलानी जी इस सदन के सदस्य हैं होते तो मुझे भय नहीं है, उनके प्रत्यक्ष में कहता, उन्होंने खुलेआम दिल्ली में खालिस्तानियों को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दिया जाए, इसकी मांग की और यह इस जनतंत्र का दुर्भाग्य है ।

मैंने कहा कि इंदिरा गांधी जी अवतारी थीं । राम को सरयू में डुबकर मरना पड़ा, कृष्ण को बहेलिये के तीर से मारा गया , बुद्ध को सुअर का जहरीला मांस खिलाकर मारा गया और गांधीजी को 3 गोलियों से मारा गया लेकिन इंदिरा गांधी को स्टेनगन की गोलियों से छलनी कर दिया गया। इतिहास के पन्नों पर अभी इंदिरा गांधी के खून के छींटे सूखे नही हैं और इस अवतारी शक्ति की जिन लोगों ने हत्या की है --मैं नही मानता हूं कि किसी सिक्ख ने उनको मारा बल्कि उस सिख्ख की काया में विदेशी आत्माओं ने अपने को बैठा दिया और उनकी आत्मा बन गए और उन्होंने हमसे इंदिरा जी को छीन लिया । उन हत्यारे की वकालत करने वाले व्यक्ति इस सदन में बैठे हो और हमारे आपोजिशन के लीडर माननीय गरुपदस्वामी जी कह रहे थे, मैंने प्रश्न किया था कि आपके दल ने इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले की वकालत करने वाले को खालिस्तान की मांग करने वाले को इस सदन का टिकट दिया और इस सदन में वह सदस्य हुआ . . . । क्या यह खालिस्तान के समर्थन की बातनहीं है, टैरोरिजम के समर्थन की बात नहीं है ? हमारा प्रधान मंत्री जब सत्य कहता है, तो लोगों को बुरा लगता है क्योंकि अपोजिशन के पास न कोई नीति है, न सिद्धांत है, न कार्यक्रम है और न योजना है ।

माननीय उपसभापति जी, हमारे बीच में कभी हमारे सहयोगी के रूप में सो-काल्ड राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह बैठते थे और उन्होंने इस देश में पहली बार कोई विदेशी एजेंसी जिसका डाइरेक्टर सी० आई० ए० में काम करने वाला रहा हो, रिटायर्ड, उसके पास सारी चीजें

हमारे देश के वित्त मंत्रालय से संबंधित दस्तावेज भेजे, जो सेना से संबंधित थे, जो और चीजों से संबंधित थे । यह बड़ी भारी ब्लैक मेल का प्रयास थी ।

एक स्वार्थी को बहुत बुद्धि आ जाती है, वह बड़ा बुद्धिमान हो जाता है और कुछ लोगों ने चढ़ा दिया कि आप ही सब कुछ हो सकते हैं । हमने वह दिन भी देखा है कि सन 1974 में जब विश्वनाथ प्रताप सिंह को डिप्टी मिनिस्टर बनाया गया था, कभी वह कहते थे कि इंदिरा गांधी शंकर को तरह सारे देश में घूम रहे हैं और शंकर का त्रि-नेत्र खुल गया है । वह व्यक्ति हमसे जुदा हुआ और ब्लैकमेल करने के लिए जुदा हुआ है । अभी दो-तीन दिन पहले उन्होंने कहा कि पहले मोटर-साइकिल पर चढ़ कर चुनाव लड़ते हैं, हम धन की आवश्यकता को महसूस नहीं करते है इलैक्शन में—यह विश्वनाथ प्रताप सिंह का स्टेटमेंट था और कल-परसों कहा कि जो बड़े-बड़े पूंजीपति घराने है, उनसे हम चंदा लेंगे । जैसे फुटबाल खेला जाता है, विश्वनाथ प्रताप सिंह की हालत वैसी हो गई है । अपोजीशन के बीच में फुटबाल को किक की तरह कभी रामराव किक मारते है तो देवी लाल उनको कवर करते हैं और कभी हेगडे किक मारते है तो वह और लोग कवर करते हैं । तो यह विचित्र स्थिति है । यह सब हमारी सरकार को ....रों का कारण है ।

जब ज्ञानी जैल सिंह भारत के राष्ट्रपति थे, तो उनके रिटायर होने के तीन दिन पहले हमने आरोप-पत्र दिया था और उस आरोप-पत्र में सीधे हमने आक्षेप लगाया था कि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने हजारों निर्दोष लोगों को हत्या डाकू उन्मूलन के नाम पर अपने मुख्य-मंत्री रहते हुए कराई । उन पर राम जानकी ट्रस्ट और दैइया ट्रस्ट को हजारों एकड़ जमीन हड़पने के आरोप हमने लगाए । हमने उन पर आरोप लगाया कि उन्होंने सिटी बैंक, न्यूयार्क में अपने बेटे को वित्त मंत्री होने के बाद एक लाख साठ हजार रुपए महीने की नौकरी दिलवाई, शेयर्स खरीदे, अनेक आरोप लगाए ।

तत्कालीन राष्ट्रपति ने तुरन्त सरकार को 'इमीडिएट' और 'एप्रोप्रीएट' एक्शन लेने को कहा है । पर हमारा गृह मंत्रालय आंख पर पट्टी बांध कर और कान में तेल डाल कर बैठा रहा और आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जब कि दोनों सदनों के सैकड़ों सदस्यों ने राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री को भी यह ज्ञापन दिया ।

आज बड़े घमंड के साथ लोग कहते हैं कि तमिलनाड में हम चुनाव हार गये हरियाणा में हम चुनाव हार गये । हम उन बार्डर्स की चर्चा करना चाहते हैं, नार्थ-ईस्टर्न स्टेट्स की जहां विदेशी ताकतें, हमारे पड़ौसी देश हमारी धरती को हड़पने के लिए वहां के भोले-भाले पहाड़ के रहने वाले लोगों को—चाहे नागालैंड हो, चाहे मीजोरम हो, चाहे अन्य प्रान्त हो, उनका उपयोग करते थे और हर जगह अपनी मिलिटेंट फोर्स के नाम पर उन्हें विदेशी सहायता, हथियार तक देते थे और उन क्षेत्रों में मुझे जाने का मौका मिला है, चुनाव में काम करने का नागालैंड में मौका मिला है । नार्थ-ईस्टर्न स्टेट्स के एक-आध को छोड़ कर प्रायः सभी प्रांतों में मैं गया हूं वहां की जनता आज राष्ट्रीय धारा से जुड़ना चाहती है और हमारे अपोजीशन के लोग उसे क्षेत्रीयता के दायरे में कस करके रखना चाहते है, बांध करके रखना चाहते है । जहां जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा इस देश की अखंडता के प्रति एक चैलेंज है वहीं जो क्षेत्रीयता वाद है वह इस देश को खंड-खंड करने के लिए सब से बड़े हथियार के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। अपोजीशन के लोग हमारी बात करते हैं, रामाराव पर हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार का फैसला दिया और विवेकानंद का साफा बांध कर अभी हमारे माननीय मित्र ने कहा कि राम का फोटो बांट करके आज भी वह सत्ता में बने हुए है ।

[डा० रत्नाकर पांडेय]

हमारे यहां अगर किसी पर दाग लग गया, हाई कोर्ट ने चुरहट लाटरी कांड का फैसला दिया तो हमने मुख्य मंत्री से तुरन्त इस्तीफा लिया, क्योंकि हम चरित्र पर विश्वास करते हैं। हम जो कहते है वह करते है। इनकी तरह हम कई रूप अख्तियार नहीं करते हैं। आज स्थिति यह है कि जो प्राग्रेसिव-वे में बात करते हैं हमारे कम्युनिस्ट लोग चीन समर्थक कम्युनिस्ट हों, रुस समर्थक कम्युनिस्ट हों, हमारे पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु जी की सरकार है। उस सरकार की स्थिति क्या है कि यहां से जो रुपये हम सहायता के रूप में प्रदेश की विकास के लिए देते हैं या गरीबों में वितरण के लिए या विभिन्न योजनाओं के लिए देते हैं वे केवल अपनी पार्टी के लोगों को देते हैं और इस तरह से अपनी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए, जो जनता के लिए योजनाएं हैं उन जनता को योजनाओं का दुरुपयोग करते हैं। भ्रष्टाचार की बात करते हैं। ज्योति बसु भी दूध के धोये हुए नहीं हैं। उनके बेटे पर लग कांड की चर्चा इस सदन में हो चुकी है। कलकत्ता में सत्यनारायण पार्क है और वह सत्यनारायण पार्क हार्ट आफ दी सिटी है। मैं इस सदन में सिद्ध कर सकता हूं कि वहां रुपया ले करके पश्चिम बंगाल की सरकार के नुमाइंदों ने किसी सेठ को होटल बनाने के लिए दिया और आज भी हमारे दल के लोग युद्ध छेड़े हुए हैं सुप्रीम कोर्ट से ले करके जनता के बीच में कि यह पार्क है प्रदूषण को समस्याओं से निपटने के लिए, इस पार्क का दुरुपयोग न किया जाए।

माननीया उपसभापति जी, आज राजनीति में सब से बड़ी जो चिंता का विषय हो गई है आज तस्कर और हिंसक लोग बड़ी तेजी के साथ राजनीति में प्रवेश कर रहे हैं। हमारे आलोचोना के नेताओं ने बहुत सी बातें कीं लेकिन हर चीज में उनका नेगेटिव एप्रोच है चाहे कोई अच्छी चीज हो। राजीव गांधी भारत के पहले प्रधान मंत्री हैं जिन्होंने चीन में जा करके एक स्वस्थ वातावरण बनाया और बातचीत करने का तरीका निकाला। पाकिस्तान की नई प्रधान मंत्री बेनजीर भुट्टो से बातचीत की और उसका परिणाम सारे देश ने, सारी दुनियां ने देखा कि जो आतंकवादी ताकतें पिछली सरकार से पाकिस्तान से पंजाब में आती थीं उन ताकतों पर रोक लगाने की प्रक्रिया पाकिस्तान सरकार ने शुरू कर दी है। यह उपलब्धि क्या कम है? आज पंजाब की समस्या बनी हुई है और उस समस्या का समाधान सब लोग मिल करके क्यों नहीं विरोधी दल के लोग बताते कि क्या किया जाए? टेरोरिस्ट ताकतें आज फिर अपना सिर उठा रही हैं और इसलिए सिर उठा रही उन्हें छूट मिली हुई है और बड़ी तेजी के साथ हमारी सरकार ने पिछले वर्षों में जिस तरह से अनेक टेरोरिस्ट्स को बेनकाब किया है उनको इस धरती से उठा दिया है, वह कम महत्वपूर्ण नहीं है। आने वाले दिनों में उसका विशेष महत्व होगा। हम संकल्प बद्ध हैं हम दृढ़ हैं, हम अपने प्राण दे देंगे, लेकिन इंदिरा गांधी के खून के छींटे जो सूरज से ज्यादा रोशनी आज भी दे रहे हैं उसकी छाया की सौगन्ध हम कभी भी पंजाब में टेरोरिज़म या खालिस्तान की आवाज जब तक बन्द नहीं कर देंगे हमेशा के लिए, तब तक हम चैन नहीं लेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। उसमें विरोधी दल के लोगों को चाहिए कि सहयोग दे और यह जो नरसंहार हो रहा है उसके लिए मिलकर के ऐसी व्यवस्था करें कि यह नरसंहार रूके।

[उपसभाध्यक्ष (श्री ... ...ाई) पीठासीन हुए]

उपसभाध्यक्ष महोदय, धर्म को राजनीति से अलग करने की बात हमारे माननीय राष्ट्रपति जी ने की है। कई बार सदन में इसकी चर्चा हो गई है। जितने भी मंदिर हैं, जितनी मस्जिद हैं, जितने गुरुद्वारे हैं, जितने गिरजाघर हैं, वह सभी धार्मिक स्थान हैं, जहां से मानवता को नई ज्योति अपनी आस्था के अनुसार मिलती है और इंसान अपनी अस्तित्व समर्पित करते हैं अनादि करते हैं। को और नई ताकत प्राप्त कर शक्ति उन स्थानों पर हथियार रखे जाय, उन

स्थानों पर विदेशी सहायता के माध्यम से उनके विकास के काम, आर्थिक सहायता के काम किए जायं और माईक बांध करके बड़ी तेजी से जनता को सुनाने के लिए ऐसे अनर्गल प्रलाप किए जायें, जो धार्मिक उन्माद भड़काने वाले हों, उचित नहीं है। अभी सलमान की पुस्तक को लेकर बंबई में जो कुछ हुआ, वह प्रत्यक्ष इसका उदाहरण है । राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मैं कहना चाहूंगा कि सरकार को आज की जितनी भी धार्मिक संस्थाएं हैं या धार्मिक स्थान हैं, उन सबका नेशनलाइजेशन करना चाहिए और कड़ाई के साथ ऐसा करना चाहिए कि वहां न हथियार एलाऊ होंगे, न विदेशी धन का उपयोग होगा और न ही सांप्रदायिकता भड़काने वाले बात की जाएगी। जब तक इसका बंधन नहीं लगाया जाएगा, हम धर्म को राजनीति से अलग नहीं कर सकते, भले ही लाख प्रस्ताव पास कर लें। इसलिए कड़ाई के साथ इसका पालन हमको करना पड़ेगा।

चुनाव-सुधार की बात कही गई । चालीस वर्ष हुए भारत को स्वतंत्र हुए, सब लोग बात करते रहे कि 18 साल की आयु के लोगों को मताधिकार हो। मैं कहूंगा, जैसे--"मिट्टी न शिशुता की झलक, जीवन झलकता अंग", 16-18 साल का नौजवान शिशुता से अलग होता है और यौवनावस्था में पदार्पण करता है और उस समय उसके भीतर इतनी ताकत होती है कि पत्थर भी सामने पड़े तो उसको मसल दे, वह पत्थर पाऊडर बन जाय। इतनी ताकत और तमन्ना होती है, इस उम्र के लोगों में और अभी तक मतदान की उम्र 21 वर्ष की थी। महसूस तो सबने किया, ऑपोजीशन ने किया, हमारी बहुत सी सरकारों ने किया, लेकिन पहली बार राजीव गांधी जी ने 18 साल के लिए बालिग मताधिकार का प्रावधान करके भारत में एक क्रांतिकारी कदम रखा। लोग कहते हैं कि एण्टी-एस्टेब्लिशमेंट होता है युवक। वह क्या होता है ? आज का युवक सत्य का साक्षात्कार करना जानता है, आज का युवक यर्थातवाद में विश्वास करना जानता है, आज के युवक की कथनी-करनी और चिंतन का कोई भेद नहीं है। इससे कोई लगभग 15 करोड़ मतदाता बढ़ेंगे और जो एक उनकी नई तमन्ना है उसके अनुसार नए भारत के सृजन में विश्वास करते हैं।

माननीय उपाध्यक्ष जी, आपका इशारा हो गया है कि मैं समापन की ओर आऊं। वैसे बातें तो बहुत सी करनी थीं, समाप्ति की ओर आता हूं। हमारे यहां आर्थिक दृष्टि से विकास हुआ है, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की दृष्टि से विकास हुआ है, दक्षेश ने नशा-निरोधक वर्ष मनाने का संकल्प लिया है और इस सबमें हमारे देश के नेता राजीव गांधी जी का योगदान व्यापक रूप से रहा है। आर्थिक दृष्टि से भी हम सफल और संपन्न हुए हैं।

उपाध्यक्ष जी, महिलाओं के लिए दो हजार वर्ष तक का जो प्लान है, उस प्लान को मैंने देखा है। उसकी तैयारी में भी मुझे अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिला है।

"यत्र नार्स्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:,

इसका नारा तो बहुत लगाते थे, लेकिन जब उसे हिस्सेदारी देने की बात आती थी तो असूर्यंपश्या बनाकर, सूरज भी न देख सके, घुटने तक उसका घूंघट रहता था, उस नारी को हम समान धरातल पर लाने का प्रयास कर रहे हैं।

और जीवन के हर क्षेत्र में चाहे आर्थिक क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, एडमिनिस्ट्रेशन का क्षेत्र हो या समाजसेवा का क्षेत्र हो—उसे तीस प्रतिशत तक की स्वीकृति देने के बारे में हम विचार कर रहे है। यह एक बड़ा भारी क्रांतिकारी कदम है।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मै बनारस का रहनेवाला हूं। तीनों लोकों से न्यारी वह धरती मानी जाती है। उस धरती पर मेरे दो व्यवसाय हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय धरातल पर बनारसी साड़ी का और दूसरा गलीचे का। हमारी सरकार ने घोषणा की है कि विदेश को जो माल भेजा जाएगा और उससे विदेशी मुद्रा अर्जित होगी। तो हम बताना चाहते हैं कि लगभग 300 करोड़ रुपए का गलीचा हमारे जिले से विदेशों में जाता है और जो मिल में काम करने वाले हैं या खादी ग्रामोद्योग का उत्पादन है—इन सब पर हम 5 प्रतिशत की सबसिडी देते हैं। हम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए भारत सरकार से मांग करेंगे कि यह कार्यक्रम बीस सूत्रीय कार्यक्रम से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है, लाखों महिलाएं, पुरुष और हजारों बच्चे इस काम में अपनी उंगलियों को लगाकर अपनी पुश्तैनी कला का प्रदर्शन करते हैं। तब कालीन बनते हैं। उन्हें यह लाभ मिले इसके लिए इसी बजट सत्र में 5 प्रतिशत की सबसिडी की व्यवस्था होनी ही चाहिए। महोदय, मैं माननीय कपड़ा मंत्रालय के मंत्री सिंधी जी का कृतज्ञ हूं। उनका कल ही पत्र मिला जो इंटरनेशनल कार्पेट फेअर होता है, उसको सरकार अभी कोई सहायता नहीं देती। मैंने आग्रह किया और उन्होंने उसके लिए 1 लाख 20 हजार रुपए प्रदान किया है। हम बनारसी साड़ी का सिल्क पैदा नहीं करते। वह बंगलौर या विदेश से मंगाते हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मानता हूं कि जब बनारस सिल्क की साड़ियां स्त्रियां पहनती है तो देखने वालों की निगाह टिक जाती है उस साड़ी की डिज़ाइन और बारीकी पर। उसे बुनने वाले मजदूरों के बीच मे मैं रहता हूं। साड़ी बुनने वाले कलाकार जो डिजाइन निकालते हैं उनके पेट भूखे रहते हैं। साड़ी खरीदने वाले जो बीच में लोग रहते हैं या कोआपरेटिव के नाम पर हमारी सरकार जो अधिक-से-अधिक रेशम देती है जो उन गरीबों के लिए होता है वह उन तक नहीं पहुंच पाता है। सत्ता के दलाल और बीच के लोग उसका दुरुपयोग करते हैं। यह मिटना चाहिए और सीधे उत्पादक को उसका फायदा मिलना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष जी, अंत में मैं एक बात और कहना चाहूंगा। अभी पिछले दिनों मैंने इस सदन में मुद्दा उठाया था कि पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षाएं हिन्दी के माध्यम से होनी चाहिए।

उपाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : दूसरी भाषा के साथ हिन्दी भी होनी चाहिए।

डा० रत्नाकर पांडेय : हिन्दी भी होनी चाहिए। महोदय, हर परीक्षा में अंग्रेजी अनिवार्य है। जो लोग पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षाएं पास करते हैं, वही सारे देश में प्रशासनिक सेवाओं में आते हैं। मैं विस्तार में जाकर सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहता। माननीय गृह राज्य मंत्री चिदम्बरम् जी ने उस विशेष उल्लेख का जवाब हम को दिया है कि अंग्रेजी ससलि अनिवार्य की गयी है कि जो लोग पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षाएं पास करते हैं, उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर काम करना पड़ता है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस सदन के 80 प्रतिशत से अधिक और लोक सभा के कई सौ सदस्यों ने प्रधान मंत्री जी से प्रार्थना की है कि हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को अनिवार्य रूप से पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षाओं में रखा जाए। शिक्षा मंत्रालय ने इस क्षेत्र में काम किया है। जो काम करे, उसकी प्रशंसा करना अनिवार्य भी है। अभी आई० आई० टी० में किसी ने थीसिस लिखी, वह दो-तीन साल पहले रिजेक्ट हो गयी। फिर वह शिक्षा मंत्रालय पर भूख हड़ताल पर बैठा। मैंने शिक्षा सचिव से बात की

[डा० रत्नाकर पांडेय]

टी. की परीक्षाएं हिन्दी और भारतीय भाषाओं में अगले वर्ष से होने लगेंगी, यह आश्वासन दिया गया। अभी इंजीनियरिंग कोर्स के विद्यार्थी बैठे थे, शिक्षा मंत्रालय से मैंने आग्रह किया तो सचिव महोदय ने जवाब दिया कि वह एटानमस् बॉडी है कलकत्ता की, तो हमने कहा कि अपना सम्पर्क, सम्बन्ध भंग कर दो, एटानमी उनको समझ आ जाएगी। आपको जानकर खुशी होगी कि हिन्दी और भारतीय भाषाओं की शिक्षा वहां अनिवार्य कर दी गई है। मैं इस सदन के माध्यम से माननीय चिदम्बरम जी से सम्मानपूर्वक कहना चाहता हूं कि वे अपना दुराग्रह छोड़ें और इस देश में केरल में कोई पढ़ता है अपनी भाषा में, तमिलनाडु में पढ़ता है अपनी भाषा में, मिज़ोरम में पढ़ता है अपनी भाषा में, बंगाल में पढ़ता है, बिहार में पढ़ता है, देश के किसी कोने में अपनी भाषा में पढ़ता है तो उस अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त करके, उसे अपनी भाषा में अपने ज्ञान को, अपनी प्रतिभा को, अपने प्रेजेन्स आफ माइंड को परीक्षाओं के माध्यम से व्यक्त करने की व्यवस्था करनी होगी अन्यथा जन-आन्दोलन का रूप यह चीज ले सकती है। यह आज मैं इस सदन के माध्यम से कह रहा हूं।

हिन्दी राजभाषा है और उपसभाध्यक्ष जी, यदि हम हिन्दी की बात करते हैं तो हम कमिटेड है कि पहले समस्त भारतीय भाषाओं का उद्धार करेंगे तब हिन्दी का उत्थान करेंगे। कई हिन्दी के आग्रहवादी लोग मुझे कहते हैं कि आई० आई० टी० में हिन्दी में आपको परीक्षाएं चालू करवानी चाहिए थी, भारतीय भाषाओं में क्यों करवा दिया? समस्त भारतीय भाषाएं चलेंगी तब जाकर के हिन्दी का विकास होगा। यह हमारा चिन्तन है, सत्य है और सत्य से हमें मुख नहीं मोड़ना चाहिए।

